FLORENCE INTERNATIONAL SCHOOL
CLASS- VIII
WORKSHEET NO: 7
HINDI

NAME: **DATE: 07/04/2020**

अपठित गद्यांश

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में लिखिए-

विनय का अभाव एक प्रकार का खोखलापन प्रकट करता है। जिन लोगों में कोईश्लाघनीय गुण नहीं होता, वे अपनी ऐंठ और डाँट-फटकार से लोगों पर प्रभाव जमाते हैं, किंतु गुणवानों को इनकी आवश्यकता नहीं। इनका प्रभाव तो स्वतः सिद्ध है। यदि विनय-शील मनुष्य का समाज में प्रभाव थोड़ा हो तो विनयशील मनुष्य का दोष नहीं, यह समाज का दोष है। इसके अतिरिक्त प्रेम का प्रभाव चाहे कम हो, पर दबाव के प्रभाव की अपेक्षा, चिरस्थायी होता है। यदि थोड़ी देर के लिए मान भी लिया जाए कि विनय सब स्थानों में काम नहीं देता, जैसे शत्रु के सम्मुख। तथापि हमें यह कहना पड़ेगा कि विनयशील पुरुष को ऐसे अवसर कम आएँगे, जब उसे अपने विनय के कारण दुख का अनुभव करना पड़े। विनय के साथ निरभिमानता, मानव जाति का आदर, सहनशीलता आदि अनेक सद्गुण लगे हुए हैं।

१) विनय का अभाव क्या प्रकट करता है?

----

२) प्रेम के प्रभाव की क्या विशेषता है?

----

३) विनयशील मनुष्य का समाज मेंप्रभाव कम है, तो इसमें किसका दोष है?

----

४) विनय किसके सामने काम नहीं आता?

----

५) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है-